एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
# अमृत विचार
| बरेली |
सोमवार, 31 अगस्त 2026

**PAGE NO 6 : BOTTOM**

# रिद्धिमा में कृष्णा लीला मंचन



एसआरएमएस रिद्धिमा में नृत्य की प्रस्तुति देतीं कलाकार। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम 'कृष्णा लीला' का मंचन हुआ। इसमें भरतनाट्यम गुरु और उनके विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम के जरिये भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन किया। कार्यक्रम का आरंभ भरतनाट्यम के विद्यार्थी आद्या ग्रोवर, अवंतिका, अम्बिका शर्मा, अनिका टंडन, चिरनया गौतम, नायसा अरोरा, प्राग्वी अग्रवाल, शाम्भवी, वान्या सक्सेना, मैहर, भाव्या बिंदल, संस्कृति चौधरी, सव्या वैश, अनुरति सक्सेना ने 'गोपाला राधे लोला' गीत को अपने नृत्य शैली में प्रस्तुति से किया। विद्यार्थियों ने लाइव भरतनाट्यम फ्यूजन पर भी नृत्य कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों की वाहवाही हासिल की। गुरु तनाया भट्टाचार्य भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने मंच पर पहुंचीं। इंस्ट्रूमेंट गुरु सूर्यकांत चौधरी, अमर नाथ, डेरिक अमन जेम्स, विशेष सिंह, अनुग्रह सिंह ने वाद्ययंत्रों की संगत से माहौल संगीतमयी बना दिया। संचालन अरुणा गंगवार ने किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, डा.एमएस बुटोला, डा.प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।